www.xtrapapers.com
www.PapaCambridge.com

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01 English version**

**Reading and Writing**

## Key messages

In order to perform well in this examination, candidates should:

- read each text and question carefully to ensure that they provide responses which contain all the details required
- ensure that they give a summary in Exercise 4 rather than giving their own ideas and opinions about the text
- check their responses to Exercise 4 and 6 carefully for spelling and grammatical errors, as marks are awarded not only for content but also for accuracy of language.

## General comments

Overall, performance on Exercises 1 and 2 was quite good. Candidates showed depth and understanding when answering these exercises, and many were able to provide the information required. In Exercise 3, some candidates struggled to grasp the meaning of the notepad headings and therefore had difficulty selecting the appropriate material to write under these headings. Performance on Exercises 4 and 5 showed improvement this year, and candidates' answers to Exercise 4 demonstrated a greater level of fluency and accuracy. It would be worth reminding candidates to avoid giving their own opinions in this exercise, as the requirement is to write a summary of the passage. Performance on Exercise 6 also showed improvement this year in the majority of responses. In general, candidates structured their arguments successfully. However, a number of candidates missed the precise meaning of the words in the question and did not address all the details. Linguistic and grammatical errors were an area of weakness in some responses.

Please note that from 2013, there will be a change to the rubric for Exercise 5. The new rubric will read as follows:

**कृपया प्रश्न 12 से 15 तक के उत्तर सही या ग़लत के कोष्ठक में √ का निशान लगाकर दीजिए। यदि वाक्य ग़लत है तो उसे पाठांश के आधार पर ठीक कीजिए।**

## Comments on specific questions

### *Section 1*

**Exercise 1 Questions 1–6**

The text focused on a villager who became paralysed in an accident. Despite his physical incapacity, he began communicating with other villagers and provides a vital news-giving service to people in his area. The majority of candidates found most of the questions straightforward, although in answer to **Question 1** some candidates gave answers that were not precisely correct, for example, 'Sometimes Shishupal gives important information or religious teachings'. The correct response to this question, as required by the mark scheme, was 'Shishupal gives news from his bed' OR 'He changed his life so that he became a living radio'.

**Exercise 2 Question 6**

In this exercise candidates were required to transfer information from the text provided and enter it into an application form. Total accuracy was required for full marks. Generally, candidates did not face any difficulty in finding the correct information for completing the form. However, once again this year, some candidates

www.xtrapapers.com
www.PapaCambridge.com

did not give the address details in the correct order. They wrote the name of the apartment prior to the house number and this was incorrect.

**Exercise 3 Questions 7–9**

The reading passage discussed the increasing commercialisation of sports in India. Candidates generally found this exercise more challenging than the first two exercises. Overall, responses were less well structured and less detailed than those in the previous exercises.

**Question 7:** For this question, candidates had to write two points under the following heading: 'The impact of cricket on the Indian economy'. Candidates were expected to give details to explain how new cricket tournaments such as the IPL have contributed to the commercialisation of cricket, and how they have helped the economy to grow in India. Fewer candidates gave all the correct points in **Question 7**.

**Question 8**: The heading was: 'The effects of sports on people's daily life.' Most candidates answered competently and discussed the correct points mentioned in the mark scheme. Most candidates were able to identify two correct points in answer to **Question 8**.

**Question 9:** This question considered the following heading: 'The increasing role of big companies in the Olympics'. This was the last topic in this exercise. Candidates needed to give three valid points mentioned in the mark scheme. However, very few candidates managed to provide all three points correctly. The main reason for this was that while broadly speaking candidates managed to identify the correct answer, only a minority were able to provide sufficient details to gain full marks for this question. For instance, some candidates correctly identified the company's name but omitted to give the year from which it had been associated with the Olympics as a sponsor. As a result candidates were less successful in gaining some of the marks available for this question.

**Exercise 4 Question 11**

In this summary-writing exercise, 6 marks were available for Content and 4 marks for Language. This year most candidates appeared to be well-prepared for the requirements of this exercise and generally performed well. Many candidates wrote their summaries in their own words and were therefore able to access the full range of marks available for Language. However, of those candidates who used their own language, some did not restrict their replies to the word limit. Consequently, they wrote valid points but due to the extra length of their responses they did not gain all the marks available for content. There continues to be a small minority of candidates who, instead of writing a summary of the key points stated in the text, write their own thoughts and opinions about the text they have read. In some cases this meant that no marks could be scored for Content and consequently none could be awarded for Language. Most candidates had written precisely, covering 5 or 6 correct points from the text. A good number of candidates were able to secure 3 marks for language, and some scored full marks. A small number of candidates chose to provide an introduction to their answer, as if starting a formal essay, and this made it difficult for them to complete the task within the word limit. It is not to candidates' advantage to provide an introduction: they are expected to delve straight into addressing the given topic. Due to the addition of unnecessary information, such candidates gained fewer marks because by the time their answer had turned to a discussion of the relevant points of the text, they had already exceeded the word limit.

***Section 2***

**Exercise 5 Questions 12–18**

This year most candidates performed very well in this exercise. The first four **Questions (11–14)** required candidates to decide whether the given statements were true or false and then, for false statements, to write the sentence which shows that the statement is incorrect. This was attempted successfully by the majority of candidates. However, some candidates had difficulty outlining the role of Baber Ali clearly in **Question 15** and said that his role was to go to school when in fact his first role was being a candidate of Class 12. Additionally, many candidates did not mention which school he was at. Such candidates did not provide sufficient details to gain the mark available here.

**Exercise 6**

This year the topic was 'Do you agree with the view that television and video games have affected our reading habits?' A significant number of candidates took the phrase 'reading habits' to mean 'studying habits', and as a result their responses tended to be confined to the impact of television and video games on

www.xtrapapers.com
www.PapaCambridge.com

their academic studies. To access the top mark bands for Content, candidates needed to be a... the question in a more broad and inclusive way, and develop and elaborate on their ideas ... possible. Candidates are encouraged to check their work carefully for language errors, as linguistic a... was an area for improvement in many scripts.

www.xtrapapers.com

www.PapaCambridge.com

# दूसरी भाषा के रूप में हिंदी

**Paper 0549/01**

पढ़ना और लिखना

## प्रमुख संदेश

इस परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए परीक्षार्थी को चाहिए कि :

- वह प्रत्येक पाठांश और प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ताकि वे पूरे विवरण के साथ सभी उत्तर दें सकें।
- इस बात का ध्यान रखें कि अभ्यास 4 में सारांश लिखें न कि पाठांश के बारे में अपने विचार और दृष्टिकोण लिखें।
- अभ्यास 4 और 6 में लिखे अपने उत्तरों में वर्तनी और व्याकरण संबंधी ग़लतियों को ध्यान से जांच लें क्योंकि इन अभ्यासों में अंक सिर्फ़ अंतर्वस्तु के लिए ही नहीं बल्कि शुद्ध भाषा के लिए भी दिए जाते हैं।

## सामान्य समीक्षा

सामान्यतः अभ्यास 1 और 2 में प्रदर्शन बहुत अच्छा था। परीक्षार्थियों ने उत्तर लिखने में गहराई और समझदारी का परिचय दिया और अधिकांश विद्यार्थी ज़रूरी जानकारी देने में सक्षम नज़र आए। अभ्यास 3 में कुछ परीक्षार्थियों को पूछे गए शीर्षकों के अर्थ समझने में कठिनाई महसूस हुई और जिसके फलस्वरूप वे प्रत्येक शीर्षक के तहत सही जानकारी संकलित नहीं कर पाए। अभ्यास 4 और 5 में इस वर्ष प्रदर्शन के स्तर में सुधार दिखाई दिया और अभ्यास-4 में भाषा प्रवाह और शुद्धि स्तर में भी सुधार नज़र आया। यहां पर इस ओर परीक्षार्थियों का ध्यान खींचना उपयोगी होगा कि इस अभ्यास में कृपया आप अपने निजि विचार लिखने से बचें क्योंकि आवश्यकता सिर्फ़ पाठांश का सारांश लिखना ही है। अभ्यास-6 में भी अधिकांश छात्रों के प्रदर्शन में सुधार दिखाई दिया। सामान्यतः परीक्षार्थियों ने अपने जवाब व्यवस्थित रूप में लिखे। लेकिन कई परीक्षार्थियों ने प्रश्न के भीतर के शब्दों के अर्थ को पूरी तरह से नहीं समझा और इसलिए वे पूरी जानकारी नहीं दे पाए। कुछेक जवाबों में भाषा और व्याकरण संबंधी ग़लतियां अवश्य कमज़ोरी का कारण बनीं।

## प्रश्न विशिष्ट टिपप्णी

**खंड 1**

**अभ्यास 1, प्रश्न 1-5**

यह पाठांश एक ग्रामीण व्यक्ति पर केन्द्रीत था जो एक दुर्घटना के दौरान विकलांग हो गया था। अपनी शारीरिक अपंगता के बावजूद उन्होंने ग्रामीण लोगों से संपर्क बनाए रखा और अपने इलाके के लोगों को उपयोगी जानकारी व ख़बरें प्रदान करते रहे। अधिकांश परीक्षार्थियों को लगभग सभी प्रश्न आसान लगे सिवाय **प्रश्न** 1 में कुछेक परीक्षार्थियों के उत्तर सही नहीं थे। उदाहरण के लिए कुछ परीक्षार्थियों ने लिखा कि 'शिशुपाल ज़रूरी जानकारी देते हैं या धर्मिक शिक्षा देते हैं'। जबकि अंक

www.xtrapapers.com
www.PapaCambridge.com

प्रणाली के अनुसार सही जवाब था कि 'शिशुपाल बिस्तर से ख़बरें सुनाते हैं' अथवा 'उन्होंने अपने जीवन को ऐसे बदला जैसे स्वंय एक जीता जागता रेडियो बन गए हों'।

**अभ्यास 2, प्रश्न 6**

इस अभ्यास में परीक्षार्थियों को पाठांश में से दी गई जानकारी को आवेदन पत्र में भरना होता है। पूरे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी जानकारी बिल्कुल सही होनी चाहिए। सामान्यतः परीक्षार्थी सही जानकारी को ढूंढ निकालने में कोई ग़लती नहीं करते हैं। लेकिन इस वर्ष फिर से कुछेक परीक्षार्थियों ने पता सही क्रम में नहीं लिखा। उन्होंने अपार्टमेंट का नाम घर के नंबर से पहले लिखा जो सही नहीं था।

**अभ्यास 3 प्रश्न** *7*-9

यह पाठांश भारत में खेल के क्षेत्र में बढ़ते बाजारीकरण के बारे में था। परीक्षार्थियों को पहले दो अभ्यासों की अपेक्षा यह अभ्यास अधिक चुनौतीपूर्ण लगा। सामान्य तौर पर इसके पहले के जवाबों की अपेक्षा उत्तर ज़्यादा व्यवस्थित नहीं थे और इनमें जानकारी का अभाव भी दिखाई दिया।

**प्रश्न** *7*: इस प्रश्न में परीक्षार्थियों को निम्नलिखित शीर्षक के तहत दो बिन्दु लिखने थे : 'क्रिकेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव'। परीक्षार्थियों से अपेक्षा थी कि वे समझाएं कि कैसे नए क्रिकेट टूर्नामेंट जैसेकि आई.पी.एल. ने क्रिकेट के बाजारीकरण में योगदान दिया है। साथ ही इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में किस तरह मदद मिली है। बहुत कम छात्रों ने **प्रश्न** *7* में दो सही बिंदु लिखे।

**प्रश्न 8:** इस प्रश्न का शीर्षक था – 'लोगों के आम जीवन पर खेलकूद का असर'। अधिकांश ने कुशलता के साथ उन बिंदुओं को शामिल किया जो अंक प्रणाली में मौजूद थे। अधिकांश परीक्षार्थी **प्रश्न** 8 के सही दो बिंदुओं को लिखने में सक्षम रहे।

**प्रश्न 9:** इस प्रश्न में निम्नलिखित शीर्षक थे – 'बड़ी कम्पनियों की बढ़ती भूमिका'। यह अभ्यास का अंतिम विषय था। परीक्षार्थियों को तीन सही बिंदुओं को लिखना था जिन्हें अंक प्रणाली में शामिल किया गया था। लेकिन बहुत कम परीक्षार्थी ही तीनों सही बिंदुओं को लिख पाए। इसका प्रमुख कारण था कि व्यापक स्तर पर तो परीक्षार्थी सही जवाब समझ गए थे लेकिन सिर्फ़ बहुत थोड़े परीक्षार्थी ही सभी तथ्य लिख पाए जिससे उन्हें पूरे अंक मिल सकते थे। उदाहरण के लिए कुछ परीक्षार्थियों ने कम्पनी का नाम लिखा जो ओलम्पिक के प्रायोजक बने लेकिन वे उसके साथ वह वर्ष लिखना भूल गए जिस वर्ष वे प्रायोजक बने थे। इसके परिणाम स्वरूप परीक्षार्थी पूरे अंक प्राप्त करने में सफल नहीं रहे जो इस प्रश्न के लिए निर्धारित थे।

**अभ्यास 4 प्रश्न** 10

सारांश लेखन अभ्यास के लिए 6 अंक अंतर्वस्तु और 4 अंक भाषा के लिए निर्धारित थे। इस वर्ष अधिकांश परीक्षार्थियों की तैयारी अभ्यास के अनुकूल दिखाई दी। अधिकत्तर विद्यार्थियों ने सारांश अपने शब्दों में लिखा और अंतर्वस्तु के पूरे अंक अर्जित करने में सक्षम रहे। किन्तु वे विद्यार्थी जिन्होंने अपनी भाषा में लिखा उनमें से कुछ शब्द सीमा के भीतर अपने सारांश को समाप्त नहीं कर पाए।

www.xtrapapers.com
www.PapaCambridge.com

परिणामस्वरूप, उन्होंने सार्थक बिंदु जोड़े किन्तु उनके उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक होने कारण अंतर्वस्तु के पूरे अंक प्राप्त नहीं कर पाए। इस वर्ष भी कुछेक परीक्षार्थियों ने पाठांश के प्रमुख बिंदुओं को लिखने की बजाय पाठांश के बारे में अपने विचारों को ही लिखा। ऐसे कुछ परीक्षार्थी अंतर्वस्तु का कोई अंक अर्जित नहीं कर पाए और जिसके फलस्वरूप उन्हें भाषा के लिए भी कोई अंक नहीं मिला। अधिकांश परीक्षार्थियों ने पाठांश से संक्षेप में 5 या 6 बिंदुओं को लिखा। बहुमत विद्यार्थियों ने भाषा के लिए 3 अंक अर्जित किए जबकि कुछ परीक्षार्थियों ने पूरे 4 अंक प्राप्त किए। कुछ विद्यार्थियों ने अपने उत्तर का आरंभ परिचय से किया जैसेकि एक औपचारिक निबंध की शुरूआत कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप वे अभ्यास को निर्धारित शब्द सीमा में पूरा नहीं कर पाए। किसी तरह की औपचारिक शुरूआत लिखना परीक्षार्थी के पक्ष में नहीं जाता अतः उन्हें चाहिए कि वे अपनी बात सीधे विषय पर रखें। इसतरह की ग़ैर ज़रूरी जानकारी को जोड़ने के कारण ऐसे परीक्षार्थियों को कम अंक मिले क्योंकि जब तक उनका जवाब प्रमुख बिंदुओं पर पहुंचा तब तक वे निर्धारित शब्द सीमा पार कर चुके थे।

**खंड 2**

**अभ्यास 5 प्रश्न 11-17**

इस वर्ष अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में बेहतर प्रदर्शन किया। पहले चार प्रश्नों में **(11-14)** परीक्षार्थियों को दिए गए वाक्यों में सही और ग़लत वाक्यों को चुनना था। साथ ही ग़लत वाक्य के लिए पाठांश में से वह वाक्य भी लिखना था जिससे पता चलता है कि वाक्य ग़लत है। बहुमत परीक्षार्थियों द्वारा यह प्रश्न सफलतापूर्वक किए गए। **प्रश्न** 15 में कुछ परीक्षार्थियों को बाबर अली की पहली भूमिका के बारे में उत्तर लिखने में कठिनाई महसूस हुई और उन्होंने लिखा कि उनकी भूमिका स्कूल जाना था जबकि वास्तव में यह भी जोड़ना चाहिए था कि वह कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी थे। साथ ही कई परीक्षार्थियों ने नही बताया कि वे किस स्कूल में थे। ऐसे परीक्षार्थियों को पूरे निर्धारित अंक नहीं मिले।

**अभ्यास 6**

इस वर्ष का शीर्षक था 'क्या आप इस मत से सहमत हैं कि टेलिविज़न और वीडियो खेलों ने पढ़ने की संस्कृति को प्रभावित किया है?' विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या ने 'पढ़ने की संस्कृति' से अभिप्राय महज़ अपने 'पाठ्यक्रम की पढ़ाई' मान लिया और फलस्वरूप ऐसे विद्यार्थियों के उत्तर टेलिविज़न और वीडियो किस तरह उनकी पढ़ाई पर असर डालते हैं इस पक्ष पर ही केन्द्रीत रहे। अंक प्रणाली की दृष्टि से अंतर्वस्तु के उच्चतम अंक की श्रेणी पाने के लिए ज़रूरी है कि परीक्षार्थी प्रश्न के व्यापक एवं संयुक्त अर्थों को ध्यान में रखकर व्याख्या करने की क्षमता दर्शाएं। साथ ही अपने विचारों को जितना संभव हो उस हद तक विकसित करें। परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने लिखित कार्य को ध्यान से जाचं लें क्योंकि कई कॉपियों में व्याकरण संबंधी सुधार की संभावनाएं दिखाई दीं।

**कृपया नोट कीजिए:** अगले वर्ष यानि 2013 की परीक्षा से अभ्यास 5 के लिए निर्देश निम्नलिखित पंक्तियों में में दिया जाएगा।

**कृपया प्रश्न 12 से 15 तक के उत्तर सही या ग़लत के कोष्ठक में √ का निशान लगाकर दीजिए। यदि वाक्य ग़लत है तो उसे पाठांश के आधार पर ठीक कीजिए।**